# जो मिला दर से तेरे ही है मिला श्याम तेरा शुक्रिया है लिरिक्स

जो मिला दर से तेरे ही है मिला,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया,
बिन कहे आंखो से दिल की पढ़ लिया,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया,
जो मिला दर से तेरे ही हैं मिला,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया।bd।

तर्ज – आँख है भरी भरी।

---

मेरी औकात ना देखि,
दिया औकात से ज्यादा,
मेरी सांसो की गिनती से,
तेरे अहसान है ज्यादा,
सिर पे उपकारों की गठरी धर दिया,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया,
जो मिला दर से तेरे ही हैं मिला,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया।bd।

---

अगर खुशियाँ है जीवन में,
ये तेरी है मेहरबानी,
दु:ख ही दु:ख पाया है मैंने,
करी जब जब है मनमानी,
कर कृपा पापों पे पर्दा है किया,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया,
जो मिला दर से तेरे ही हैं मिला,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया।bd।

---

मेरा साया प्रभु बनके,
तुम्हे मेरे साथ चलना है,
बड़ा कमजोर हूँ सुनलो,
मुझे बाहों में जकड़ना है,
जख्मों पे तूने ही बस मरहम दिया,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया,
जो मिला दर से तेरे ही हैं मिला,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

है वादा तुमसे मेरा ये,
रहूँ किस हाल में भी मैं,
तेरा बनकर जिया अब तक,
तेरा बनकर जियूँगा अब,
‘शानू’ ने जीवन तुझे अर्पण किया,
**Bhajan Diary Lyrics,**
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया,
जो मिला दर से तेरे ही हैं मिला,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया।bd।

---

जो मिला दर से तेरे ही है मिला,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया,
बिन कहे आंखो से दिल की पढ़ लिया,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया,
जो मिला दर से तेरे ही हैं मिला,
श्याम तेरा शुक्रिया है शुक्रिया।bd।

**Singer – Kumar Shanu**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com